विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
बहादुरशाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002 (भारत)
**University Grants Commission**
Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi-110002 (India)
Phone : 011-23234019, 23236350, Fax : 011-23239659, e-mail : cm@ugc.ac.in | web: www.ugc.ac.in

ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये

हीरक जयंती 60 Diamond Jubilee 1953-2013

**प्रो॰ वेद प्रकाश**
अध्यक्ष
*Prof. Ved Prakash*
Chairman

अर्द्धशासी पत्र सं. 1–67/2013 (सीएम) 18 फरवरी, 2014

प्रिय कुलपति/निदेशक

जैसा कि आपको विदित है यूजीसी ने एक कार्य बल गठित किया था, जिसके द्वारा उच्चतर शैक्षिक संस्थानों के परिसरों में लड़कियों एवं महिलाओं की एवं सामान्य युवा वर्ग की सुरक्षा एवं उनकी देखरेख के मौजूदा प्रबन्धों का पुनरीक्षण किया जाना था। इस कार्यबल ने "सक्षम" नाम से अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की है, जिसका विमोचन माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री द्वारा दिनांक 12 फरवरी, 2014 को किया गया है। उस रिपोर्ट के अन्तर्गत परिसर में विद्यमान महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक लैंगिक संवेदीकरण के कई उपायों की अनुशंसा की गई है।

मैं आपके पास इस रिपोर्ट "सक्षम" की एक प्रति इस अनुरोध के साथ प्रेषित कर रहा हूँ की आप कृपया एक वरिष्ठ संकाय सदस्य/सदस्या को चिह्नित करें एवं इस रिपोर्ट की अनुशंसाओं के क्रियान्वयन का दायित्व उसे सौपें। मेरा आपसे यह भी अनुरोध है कि कृपया आप अपने प्रभार में विद्यमान उच्च शिक्षा के सभी संस्थानों को, इसे परिचालित करें तथा उन्हें इन अनुशंसाओं के लिए पुनः प्रेरित करें। इस रिपोर्ट की सॉफ़्ट कॉपी पहले ही यूजीसी वेबसाइट www.ugc.ac.in पर अपलोड कर दी गई है।

मैं आपका आभारी रहूँगा यदि आप कृपा करके इस विषय पर की जा रही प्रगति के विषय में अवगत कराते रहें।

ससम्मान,

भवदीय

(वेद प्रकाश)

संलग्नकः– उपरोक्त अनुसार

प्रेषित

समस्त कुलपति/निदेशक

1. केन्द्रीय विश्वविद्यालय, 2. राज्य विश्वविद्यालय, 3. मानित विश्वविद्यालय, 4. निजी विश्वविद्यालय